(c) if se, the details thereof; and !

(d) the steps Government propose to take to stop such illegal trading on Indo-Pak borders?

THE MINISTER OF STATE IN 1 THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) It is not correct that hundred of Bangladesh nationals are entering into India through Indo-Pak borders. However, 910 infiltrators have been apprehended by the BSF while entering into India on the Indo-Pak border during 1991 (upto July).

(d) Border forces have been strengthened both in force, in equipment and weaponery. Vigil has been increased. Border fencing and lighting is being done in specified areas.

दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में बसें

1408. श्री रणजीत सिंह :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अगस्त, 1991 के माह में दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में कुल बसों की संख्या कितनी थी;

(ख) इनमें से उन बसों की संख्या कितनी है जिन्होंने उनके लिये निर्धारित कोई ट्रिप नहीं छोड़ा था तथा उन बसों की संख्या कितनी है जिन्होंने उनके लिये निर्धारित ट्रिपों की संख्या के 50 प्रतिशत ट्रिप छोड़ दिये थे;

(ग) दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में ऐसी बसों की संख्या कितनी है जो मार्च से अगस्त, 1991 में सड़क पर चलीं, तथा इन बसों में से खराब होने वाली बसों की संख्या कितनी थी; और

(घ) दिल्ली परिवहन निगम में कितने वर्कशाप हैं, उनमें कितने कर्मचारी नियोजित हैं तथा इस विभाग का वार्षिक बजट कितना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) 31-8-1991 को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में 4382 बसें थीं।

(ख) एक रूट की एक विशेष ड्यूटी में ट्रिपों को शामिल किया जाता है। दिल्ली परिवहन निगम की बसें किसी एक रूट के लिए नियत नहीं होती और विभिन्न रूटों पर उनका प्रचालन किया जाता है। मिसिंग ट्रिपों का बस-वार रिकार्ड नहीं रखा जाता।

(ग) ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :--

मार्च, 1991	3698	530
अप्रैल, 1991	3833	499
मई, 1991	3609	579
जून, 1991	3718	619
जुलाई, 1991	3761	591
अगस्त, 1991	3739	565

(घ) 36 डिपो वर्कशाप तथा 2 केन्द्रीय वर्कशाप हैं जिनमें लगभग 7561 और 1375 कर्मचारी कार्यरत हैं। दिल्ली परिवहन निगम का बजट अनुमान एक पूरे निगम का बजट अनुमान होता है न कि विभाग-वार।